वित्त निगम को विदेशी नियोजन भर्ती एजेंसी का मिला लाइसेंस

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ।

उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम को विदेशी नियोजन भर्ती एजेंसी का लाइसेंस मिल गया है। यह लाइसेंस विदेश मंत्रालय ने जारी किया है। इसके तहत अब निगम सुरक्षित व वैध प्रवासन के लिए अधिकृत एजेंट के जरिए विदेश जाने वाले युवाओं को जागरूक करेगा। यह निर्णय शुक्रवार को यहां निगम कार्यालय में ओवरसीज मैनपावर नियोजन एजेंसी, एनआरआई सेल वित्तीय निगम व प्रवासी श्रमिक अधिकारी मंच के संयुक्त तत्वावधान में

सुरक्षित प्रवासन के लिए जिलों में आयोजित होंगे जागरुकता कार्यक्रम

आयोजित सेफ एंड लीगल माइग्रेशन इन यूपी विषयक बैठक में लिया गया।

वित्तीय निगम की एनआरआई सेल के प्रभारी आरबी वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार की सिफारिश पर यह लाइसेंस मिला है। विदेश मंत्रालय के प्रोटेक्टर जनरल ऑफ एमिग्रांट्स के अधिकारी विवेक शर्मा नें कहा कि श्रमिक विदेश जाने से पूर्व पूरी जानकारी अवश्य कर लें और वहां जाने का बाद भारतीय दूतावास से लगातार संपर्क में रहें। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर जिला स्तर पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किए जाएं इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ माइग्रेंट्स के प्रोग्राम डायरेक्टर अमित भारद्वाज ने कहा कि विदेश में कभी कोई परेशानी हो तो भारतीय दूतावास की हेल्पलाइन नंबर पर अपनी समस्याएं जरूर दर्ज कराएं। वहीं, श्रमिक अधिकार मंच के अध्यक्ष प्रमोद पटेल ने यूपी में प्रवासी श्रमिकों के लिए राज्य कल्याण बोर्ड गठित करने की मांग रखी।

सीएम से मिले मध्य कमान के स्टाफ अध्यक्ष

लखनऊ। मध्य कमान के स्टाफ अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल जेके शर्मा ने सीएम योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने यूपी में सेना से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने इन मुद्दों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ब्यूरो

रोडवेज कर्मचारी परिषद का आंदोलन 11 को

लखनऊ। परिवहन निगम कर्मियों की मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद 11 जनवरी को सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा। शुक्रवार को चारबाग बस अड्डे पर प्रांतीय प्रतिनिधियों की बैठक में इस संबंध में रूपरेखा तय की गई। मांगें पूरी न होने पर 21 फरवरी को परिवहन निगम मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। अध्यक्ष चंद्रशेखर पांडेय ने कहा कि शासन व निगम प्रबंधन ने छह माह से कर्मचारियों की मांगों पर निर्णय नहीं लिया है। ब्यूरो

अमर उजाला क्लासीफाइड
आवश्यकताएं · नौकरियां · बिक्री · प्रोपर्टी · किराया · शिक्षा · सर्विसेज · लोन · फाईनेन्स
विज्ञापन बुक करें
टोल